इकबाल खान
भा.प्र.से.

सत्यमेव जयते

आयुक्त,
खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण
राजस्थान, जयपुर

अ.शा.खा.सु.औ.नि. / 2024 / FSSAI / 2498
दिनांक 09.12.2024

Respected Sh. Jat,

राज्य में चलाए जा रहे Eat Right Initiatives के अंतर्गत स्कूलों में शुद्ध व स्वच्छ खाद्य पदार्थ का उपयोग करने की सुनिश्चितता, विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने एवं स्वास्थ्य संवर्धन (Health Promotion) के लिए विद्यालय स्तर पर Health Club की स्थापना करने के लिए अर्धशासकीय पत्र खा.सु.औ.नि. / 2024 / FSSAI / 2108 दिनांक 09.10.2024 के द्वारा आग्रह किया गया था। उक्त हेतु विद्यालय स्तर पर गठित किए जाने वाले Health Clubs की गठन एवं संचालन में निम्नांकित प्रमुख बिन्दुओं / गतिविधियों को प्रमुखता से सम्मिलित किया जाए–

1. विद्यालय स्तर पर गठित Health Club के लिए एक शिक्षक को नोडल अधिकारी नामित करना।
2. Health Club में शारीरिक शिक्षक, विज्ञान एवं सामाजिक ज्ञान के शिक्षक को सम्मिलित करना।
3. विद्यालय में प्रत्येक कक्षा (Standard) से एक विद्यार्थी प्रतिनिधि को Health Club का सदस्य बनाना।
4. विद्यालय स्तर पर गठित किए जाने वाले Health Club में अधिकतम 15 सदस्यों को शामिल करना।
5. Health Club की प्रत्येक माह बैठक आयोजित करना, जिसमें पिछले महीने आयोजित की गई गतिविधियों की समीक्षा तथा आगामी एक माह में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों / गतिविधियों पर चर्चा करना।
6. Health Club की बैठकों में की गई चर्चा एवं उपस्थित रहे सदस्यों का विवरण Health Club Register में संधारित करना।

Health Club की गतिविधियों में सम्मिलित किए जाने वाले प्रमुख विषयः

1. खाद्य सुरक्षा – Eat Right Initiatives
2. तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान – Tobacco Free Generations \ Children Against Tobacco
3. फिजिकल एक्टिविटी
4. व्यक्तित्व विकास
5. Say No to Fast Food
6. Healthy tiffin

उपर्युक्त Health Promotion Activities के विद्यालय स्तर पर नियमित संचालन के लिए Health Club गठित करने के लिए समस्त जिला अधिकारियों को आदेश प्रसारित करवाने का श्रम करे।

Warm regards

(इकबाल खान)

श्री सीता राम जाट
निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा विभाग
राजस्थान, बीकानेर